साप्ताहिक

पृथ्वी पर हम सब समय माया के यात्री हैं

समय माया

R.N.I. No.: MP/HIN/2006/20685

प्रधान संपादक- अजमेरा एस.पी. कुमार
B.COM., M.A., LLB, CAIIB, DLLLW&PM

Webite: www.samaymaya.com
Email: samaymaya@gmail.com
samaymaya@rediff.com

Cell: +91 9425125569
+91 9479535569

(C) All Copyrights reserved with chief editor, do not publish any matter without prior written permission

In case of any dispute, may be solved only in Indore Court Jurisdiction

वर्ष 17 | अंक 50 | प्रति सोमवार इंदौर, 15 जुलाई से 21 जुलाई 2024 | पृष्ठ 8 | मूल्य 5/- रुपए

अमेरिका में ट्रंप पर गोली, नव. 24 के चुनाव में जीत की गारंटी

विश्व को हथियार बेंच हिंसक कमाई, बन सकती है मौत का कारण

विश्व के सारे तांडवो युद्ध व शांति में भी युद्ध, महामारी, इंटरनेट से विश्व को नियंत्रित, जासूसी करने, सोशल साइट्स से विचार जानने, इकट्ठे करने, ऑनलाइन डकैती, चिकित्सा, भोजन आदि पर अमेरिकी षड़यंत्रकारी संगठनों और कंपनियों का कब्जा कभी ये सब मौत व बर्बादी का भी कारण बनेगा, होगा।

अमेरिका के पेनसिल्वानिया में चुनावी प्रचार करते समय ट्रंप पर गोली चला दी गई। न केवल अमेरिका में गन कल्चर को बढ़ावा दे का हर वर्ष हजारों निर्दोषों की हत्या की जाती है। वरन पूरी दुनिया में भी युद्धों को बढ़ावा देकर हथियार बैंच मोटी कमाई करने वालों से चंदा लेकर चुनाव लड़ने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति सांसदों को भी इसका शिकार होना पड़ेगा। बेशक इसके पूर्व रोनाल्डो रीजन पर भी 1981 में गोली चलाई गई थी।

ट्रम्प की हत्या की कोशिशः हम क्या जानते हैं?

पेनसिल्वेनिया में डोनाल्ड ट्रम्प की चुनावी रैली में क्या हुआ? एफबीआई ने हत्या के प्रयास के संदिग्ध के रूप में किसे पहचाना है?

हत्या के प्रयास के रूप में जांच के तहत एक गोलीबारी की घटना में, पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को 13 जुलाई को पेंसिल्वेनिया के बटलर में एक अभियान रैली के दौरान कान में गोली मार दी गई थी, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई थी और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

अमेरिकी सीक्रेट सर्विस, जो पूर्व राष्ट्रपतियों को आजीवन सुरक्षा प्रदान करती है, ने कहा कि संदिग्ध हमलावर के मारे जाने के दौरान ट्रम्प सुरक्षित थे। यह हमला 1981 में रोनाल्ड रीगन की हत्या के बाद से किसी राष्ट्रपति या राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार की हत्या का पहला प्रयास है। 5 नवंबर के चुनाव से चार महीने से भी कम समय पहले और ट्रम्प द्वारा राष्ट्रपति जो बिडेन के साथ संभावित रीमैच के लिए तीसरी बार रिपब्लिकन नामांकन स्वीकार करने से कुछ ही दिन पहले हुई इस घटना का राष्ट्रपति पद की दौड़ और घरेलू राजनीति पर दूरगामी प्रभाव पड़ने की संभावना है।

गोलीबारी की घटना कैसे घटी?

13 जुलाई की शाम को, बटलर में मंच पर ट्रम्प के आने और अपना भाषण शुरू करने के कुछ ही मिनट बाद, जब पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति अवैध सीमा पार करने में वृद्धि के बारे में बात कर रहे थे, तब कम से कम पाँच गोलियाँ चलीं। घटना के एक वीडियो में, ट्रम्प को पोडियम के पीछे अपना दाहिना कान पकड़ते हुए देखा जा सकता है, इससे पहले कि सीक्रेट सर्विस के एजेंट उनकी ओर दौड़े और उन्हें ढक दें। जब ट्रम्प ज़मीन पर गिरे, तो एजेंटों ने कहा, 'नीचे उतर जाओ', क्योंकि गोलियों की आवाज़ से अफरा-तफरी मच गई।

एक मिनट बाद, वह खून से लथपथ चेहरे के साथ बाहर आया। उसने विरोध जताते हुए हवा में अपनी मुट्ठी बांधी और 'लड़ो! लड़ो! लड़ो!' शब्द बोले, इससे पहले कि सीक्रेट सर्विस उसे एक काली एसयूवी में ले जाए।

अब तक की कहानीः हत्या के प्रयास के रूप में जांच के तहत एक गोलीबारी की घटना में, पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को 13 जुलाई को पेंसिल्वेनिया के बटलर में एक अभियान रैली के दौरान कान में गोली मार दी गई थी , जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई थी और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

अमेरिकी सीक्रेट सर्विस, जो पूर्व राष्ट्रपतियों को आजीवन सुरक्षा प्रदान करती है, ने कहा कि संदिग्ध हमलावर के मारे जाने के दौरान ट्रम्प सुरक्षित थे।

यह हमला 1981 में रोनाल्ड रीगन की हत्या के बाद से किसी राष्ट्रपति या राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार की हत्या का पहला प्रयास है। 5 नवंबर के चुनाव से चार महीने से भी कम समय पहले और ट्रम्प द्वारा राष्ट्रपति जो बिडेन के साथ संभावित रीमैच के लिए तीसरी बार रिपब्लिकन नामांकन स्वीकार करने से कुछ ही दिन पहले हुई इस घटना का राष्ट्रपति पद की दौड़ और घरेलू राजनीति पर दूरगामी प्रभाव पड़ने की संभावना है।

गोलीबारी की घटना कैसे घटी?

13 जुलाई की शाम को, बटलर में मंच पर ट्रम्प के आने और अपना भाषण शुरू करने के कुछ ही मिनट बाद, जब पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति अवैध सीमा पार करने में वृद्धि के बारे में बात कर रहे थे, तब कम से कम पाँच गोलियाँ चलीं। घटना के एक वीडियो में, ट्रम्प को पोडियम के पीछे अपना दाहिना कान पकड़ते हुए देखा जा सकता है, इससे पहले कि सीक्रेट सर्विस के एजेंट उनकी ओर दौड़े और उन्हें ढक दें।

(शेष पेज 7 पर)

इंदौर में 51 लाख व देश में 5 करोड़ वृक्षारोपण में 7 अरब के विज्ञापन समाचार पत्रों टीवी चैनलों पर

भू कॉलोनी भाजपाई माफिया ही वृक्षों व हरियाली के घोर शत्रु

पिछले 10 सालों में ही मोदी ने ही मंत्रियों, पूंजीपतियों, सड़कों, रेल्वे लाइन के नाम देश भर में 20% लगभग 50 करोड़ वृक्षों का सफाया किया। प्रदेश में 50% वन भूमि और हरियाली साफ की गई। देश में मोदी के सत्ता संभालने के बाद प्राकृतिक संसाधनों की सबसे ज्यादा बर्बादी की गई। सबको अपने बाप की जागीर समझ अडानी, टाटा, बिरला, अंबानी, आइटीसी, युनिलीवर व अन्य सैकड़ों पूंजीपतियों को उद्योगों, रिजॉर्ट, होटल्स, गोडाउन्स, परियोजनाओं, सड़कों, रेलवे लाइन्स, हवाई अड्डों कालोनियों आदि के नाम करोड़ों हेक्टेयर भूमि पर लगे वनों के करोड़ों वृक्षों को साफ कर दिया गया। कश्मीर में 370 हटाने के नाम पर जो 370 बी के मात्र वहां कोई भी भू क्रय विक्रय के लिये हटाया

गया। बदले में जम्मू काश्मीर में जमीनों को अडानी अंबानी को होटल इंडस्ट्री रिजॉर्ट बांध बनाने के लिए दी गई। इसके दुष्परिणाम सामने हैं। वृक्षों की कटाई सफाई कर होटल रिसोर्ट इंडस्ट्री सड़के रेलवे लाइन बांध बनाने के चक्कर में वहां भारी भूस्खलन हो रहा है। नदियां ग्लेशियर जल संग्रहण क्षेत्र के नाले रास्ते बदल रहे हैं। जल बहुत क्षेत्र के बदलने सेबारिश का पानी को बहाने के लिए जहां कमजोर भूमि मिलती है वहीं से वह पहाड़ चट्टानें फोड़ कर बहता है। देश-विदेश के हजारों पर्यावरण विद्व संस्थाओं ने बार-बार प्राकृतिक वनों को नष्ट करने से रोका बताया चेताया। परंतु मूड डकैतों को तो लूट कट और अपनी सल्तनत खड़ी करने में ही आंतरिक आनंद की प्राप्ति हो रही है। इसलिए वह किसी की नहीं सुन रहे। यही हाल मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ राजस्थान उत्तराखंड उत्तर प्रदेश उड़ीसा हिमाचल दिल्ली में प्राकृतिक वनों वृक्षों को उजाड़ कर मोटा कमीशन खा वन, कृषि भूमियों को पूंजीपतियों को सौप जा रहा है जो वर्तमान से लेकर आने वाली भविष्य की पीडिया के लिए अत्यधिक घातक सिद्ध होगा। दूसरी तरफ एक वृक्ष मां के नाम का पिछले महीने भर से अपना नाम, फोटो समाचार पत्रों में और टीवी चैनलों पर दिखाने और प्रशंसा पाने भारी भरकम 1500 से ज्यादा वस्तुओं पर ठोके गये जीएसटी के कमाये जनधन से हजारों करोड़ के विज्ञापन 5 करोड़ वृक्ष लगाने के लिए बर्बाद किये जा रहे हैं।

(शेष पेज 6 पर)

काश्मीर में नोटबंदी व 370 हटाने के बाद भी आतंकवाद और पलायन क्यों..?

मूढ़ मोदी ने वाचालता छल, बल, दल कपट से तीसरी बार सत्ता हथिया अवश्य ली। पर अहं ब्रह्मास्मि वोह कारण सत्ताधीशी परिपक्वता 74 साल की उम्र में भी नहीं आई।

दूसरी तरफ लोभ के चलते बहुराष्ट्रीय कंपनियों के इशारे पर नाच पिछले 10 सालों में पूंजी पतियों के हितों में उनके अनुसार उनके लाभ के लिए निर्णय लिए जाते रहे। और मूर्खतापूर्ण हरकतें कर जनता को उसके लाभ बताने की आड़ में अपनी प्रशंसा करवाई जाती रहीजो की नाकामियों का पहाड़ बनकर सामने खड़ी हो गईं।

नोटबंदी जैसे विश्व के सर्वाधिक विनाशक किन्तु मोदी के निकृष्ट बुध्दि प्रियता के निर्णय ने काश्मीर में आतंकवाद व पृथकतावाद का पूरा सफ़ाया कर उसे दफन कर देने का झूठा सपना दिखाया था।

(शेष पेज 2 पर)

साप्ताहिक समय माया

काश्मीर में नोटबंदी व 370 हटाने के बाद भी आतंकवाद और पलायन क्यों..?

पेज 1 का शेष

और नक्सलवाद व माओवाद का सफ़ाया होने के सब्ज़बाज़ गढे गये थे क्योंकि नोटबंदी से इसी विराट परिणाम की गारण्टी पूरे देश को मोदी ने देते हुए कहा कि ऐसा न होना व कालेधन की कमर नहीं तोड़ने पर देश के हर चौराहे पर सजा पाने के लिए तैयार रहूँगा, यह मोदीजी की सबसे बड़ी गारण्टी थी। मगर नोटबंदी की अतीव घोर असफलता के बाद इस पर चुप्पी साध फिर अनुच्छेद 370 हटा कहा कि बस अब तो आतंकवाद की कमर तोड़ ही देंगे। पर बेचारा पूरे काश्मीर सहित वहाँ के सैकड़ों हिन्दू व मुस्लिम नागरिक मोदी की इसी गारण्टी का धोखा खाए आतंकवादियों के हाथों गोलियों से भूने जा रहे हैं। बेशक मीडिया वह सच जनता को नहीं दिखा बता रहा।

मोदी सरकार के सुरक्षा व विश्वास पर वहाँ छ मुस्लिम भाजपा के पार्षद बने मगर उन सबको उनके परिवार के साथ छलनी कर बेमौत मार दिया गया। मोदी सरकार की सुरक्षा का विश्वास कर एक हिन्दू ने काश्मीर में ज़मीन क्या खरीदी की बेचारे के तीन टुकड़े कर डाले. अनुच्छेद 370 हटाने के पुण्य प्रताप का ही कारण हैं कि सैकड़ों काश्मीरी पण्डित जिन्होंने सन् 90 की मारकाट के बावजूद पलायन नहीं किया, उनका भी टारगेट किलिंग हुआ.वहाँ रह रहे काश्मीर पण्डितों को जब वहाँ मोदी सरकार द्वारा हर एक को सुरक्षा की गारण्टी नहीं दे सकते का जवाब मिला तो उन्होंने धरने व प्रदर्शन किये और अंत में मोदीजी की सरकार की उपेक्षा से तंग आकर सभी ने कश्मीर छोड़ दिया. हज़ारों मज़दूरों, खेत मज़दूरों, दुकानदारों जो हिन्दू थे केवल वे ही नहीं तमाम हिन्दू सरकारी कर्मचारियों तक ने काश्मीर से पलायन कर अपनी जान बचाई मगर दुर्भाग्य से मोदी सरकार की घोर अक्षमता व गुप्तचर एजेंसियों की अपूर्व असफलता के चलते पिछले तीन चार वर्षों से हर सप्ताह, हर पंद्रह दिन व महीने में कभी सात, कभी पाँच तो कभी तीन व दो फ़ौजी जवान व फ़ौज के बड़े अधिकारी आतंकवादियों से लड़ते शहीद हो रहे हैं,गोलियों से झलनी हो रहे हैं और मोदीजी कभी लाल किले से तो कभी संसद से बड़ी बड़ी फ़ैकते लफ़्फ़ाज़ी कर रहें कि मोदी सरकार ने आतंकवाद, नक्सलवाद व माओवाद खत्म कर दिया हैं। ऐसी झूठ की जुगाली तब भी की थी जब चुनाव जीतने पुलवामा में44 जवानों को स्वयं ही आरडीएक्स से उड़वा कार हत्या करवा दी। सुरक्षा देने की अपनी सरकार की अक्षम्य नाकामी को बड़ी चालाकी से छिपाकर पाकिस्तान में फर्जी एयर स्ट्राइक कर बड़ी लम्बी व ऊँची फैंकते देश को मूर्ख बनाते कह रहे थे कि हमने पाकिस्तान व आतंकवाद की ऐसी कमर तोड़ दी हैं कि वो अब खड़ा भी नहीं हो पाएगा.अब जबकि हर रोज़ पाकिस्तानी आतंकवाद काश्मीर में सर चढ़कर बोल रहा हैं, जवान, पुलिस,सरकारी व ग़ैर सरकारी लोग मारे जा रहें हैं तो कह रहे हैं कि यह नेहरू की देन हैं। जबकि हक़ीक़त में मोदी की इस नाजोगी सरकार की मूर्खता ही इसकी असली ज़िम्मेदार हैं.पाकिस्तान में घुसकर सर्जिकल स्ट्राइक आपने की,नोटबन्दी कर आतंकवाद के खात्मे के शिगूफ़े आपने छोड़े और अनुच्छेद 370 हटाकर आतंकवाद के खात्मे की लफ़्फ़ाज़ी आप करते रहे हो और जब आप पूरी तरह विफल व फिसड्डी बनकर रह गए तो नेहरू की चिताओं की राख से अपनी नाकामी व निकम्मेपन की कमजोरी को ढाँक रहे हो. यहाँ तीन बात ही समझ में आती हैं कि न आप अनुच्छेद 370 को हटानेकरने के काबिल हो,न काश्मीर की समस्याओं के निदान की आपको क़तई समझ हैं,न काश्मीर से निपटने का आपके पास कोई ब्ल्यू प्रिंट हैं. चतुराई, कूटनीति व कुशल निष्पादन से ही समस्याऐं निपटती हैं. भाषणों व झूठ की जुगाली से सिर्फ़ तिकड़म व नोटंकी ही की जा सकती हैं. हक़ीक़त तो यह हैं की इसी घोर नासमझी के चलते काश्मीर समस्या हर दिन अधिक संकट कारी हो रही हैं. अब तो अनुच्छेद 370 हटाने का विरोध लद्दाख व जम्मू में अधिक हो रहा हैं. इसी के चलते लद्दाख के स्थानीय चुनाव व लोकसभा में भाजपा को लोगों ने जमकर हरा दिया हैं. पर अभी भी जागृत होने को तैयार नहीं हो और जब पहले ही भाषण में और राहुल गांधी ने जमकर छील दिया तो उसे बालक बुद्धि ठहराने का प्रयास किया और अपनी शाब्दिक कुटाई होने और वाचालता कि असफलताओं को छुपाने रूस और ऑस्ट्रीया भाग गए। समस्याएं खड़ी करो जनता का ध्यान परिवर्तित करो और जब चारों तरफ से फंस जाओ तो देश को जलता हुआ छोड़कर विदेश भाग जाओ भगोड़े कब तक कहां तक भागेगा?

महिला बाल विकास हजारों करोड़ खर्च, अधिकारियों कर्मियों का विकास

40% बच्चे महिलाएं कुपोषण का शिकार, कद, वजन, विकास न्यून

घोर भ्रष्ट मुमं, मंत्री, प्रधान सचिव, संयुक्त, सहायक संचालकों, जिला कार्यक्रम, सशक्तिकरण, समन्वयक, अधिकारियों, बाबुओं से आंगनवाड़ी कार्यकर्ता तक सबका विकास, भ्रष्टाचार के पोषण से फलता फूलता मध्यप्रदेश भीषण कुपोषण की चपेट में..

केन्द्र सरकार की एक रिपोर्ट के मुताबिक़ मध्यप्रदेश भीषण कुपोषण की चपेट में आ गया है। प्रदेश की आंगनबाड़ियों में पंजीकृत 6 वर्ष से कम उम्र के 66 लाख बच्चों में से 26 लाख यानि 40% बच्चे बौने पाये गये हैं, वहीं क़रीब 17 लाख यानि 27% बच्चों का वजन मानक औसत वजन से कम पाया गया है।

केन्द्र सरकार द्वारा संचालित पोषण ट्रेकर की माह जनवरी 24 की रिपोर्ट दर्शाती है कि मध्यप्रदेश में पिछले दो माह में ही कम वजन वाले बच्चों की संख्या में 3% की बढ़ोतरी हुई है। मई 2024 में जहां मध्यप्रदेश की आंगनबाड़ियों में कम वजन वाले बच्चों की संख्या 24% थी, वहीं जुलाई 2024 में यह बढ़कर 27% पहुँच गई है।

बढ़ते कुपोषण ने समूचे मध्यप्रदेश की आहार वितरण प्रणाली और बच्चों को पोषाहार देने के सभी दावों पर गंभीर प्रश्नचिन्ह लगाये हैं। शर्मनाक बात है कि इस इंडेक्स मे अब मध्यप्रदेश 35वें नंबर पर लुढ़क गया है। अब हमसे नीचे मात्र एक स्थान ही बचा है।

आँकड़े बताते हैं कि मध्यप्रदेश सरकार की कथनी और करनी में व्यापक अंतर है। सभी झूठे दावों और वादों की तरह ही बच्चों को भरपेट भोजन/ पोषाहार देने का इनका दावा भी झूठा है, अफ़लातूनी है, विज्ञापनी है।

देश व प्रदेश का महिला बाल विकास विभाग अपने महिला और बच्चों के पोषण आहार सशक्तिकरण कार्यक्रमों में यहां सरकार हर साल हजारों करोड़ रुपए खर्च करती है। प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, महिला बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया से लेकर मुख्य सचिव वीरा राणा, प्रधान सचिव संजय शुक्ला, बाल विकास कार्यक्रम अधिकारी सह आयुक्त सोफिया फारुकी सचिन माधवी नागेंद्र अबाउट संचालक सीमा ठाकुर राजपाल कौर अश्विनी परिहार सहित संचालक अक्षय श्रीवास्तव शिवकुमार शर्मा सुरेश सिंह तोमर आरपी सिंह डॉ अमिताभ अवस्थी, डॉ प्रज्ञा अवस्थी, डॉ विशाल नाडकर्णी, स्वर्णिम शुक्ला, उपसंचालकबल बिश्नोई शिवकली बरबड़े योगेंद्र सिंह यादव नीलू भट्टसीमा रघुवंशी, राधा सोलंकी, हरीश खरे, संजय प्रताप सिंह, सहायक संचालक गोविंद सिंह रघुवंशी, संतोष सिंह राजेश पाटील राजेश अग्रवाल अनुराग जोशी प्रभात सिंह मनीष अग्रवाल, दिनेश दीक्षित, सुबोध गर्ग, आनंद शिवहरे, मनोज अहिरवार, यज्ञा मेड़ा, रामकुमार तिवारी, लेखाधिकारी विनोद युरकरे,प्रदीप दलाल, अब्दुल समी, के साथ ये सब महिला एवं बाल विकास मुख्यालय में बैठकर भ्रष्टाचार, लूट, डकैती मौज मस्ती अय्याशी के चलते जनधन की लूट का अड्डा बना हुआ है।

संभागों में बैठे संयुक्त संचालक सागर बीएल प्रजापति, भोपाल नकी जहां कुरैशी, चंबल डी के सिद्धार्थ, जबलपुर शशि श्याम उईके, नर्मदापुरम एच के शर्मा, उज्जैन लक्ष्मी नारायण कंडवाल, ग्वालियर सीमा शर्मा, रीवा उषा सिंह सोलंकी, इंदौर संध्या व्यास उज्जैन रमा मुकाती, उपसंचालक ग्वालियर उपासना राय, शहडोल मंजू लता सिंह, जिनका काम उनके संभागों में बैठकर सभी जिलों के कार्यक्रम अधिकारियों से लेकरउनके अंतर्गत संचालित सभी गैर सरकारी आश्रमों से आंगनबाड़ियों तक सबकी निगरानी करना जिसमें महिलाओं और बच्चों को दिए जाने वाले पोषण आहार की गुणवत्ता भजन संख्या आदि सबके ऊपर नियंत्रण करना है पर यह सारे हरामखोर सभी जिलों के अंतर्गत चल रहे कार्यक्रमों में किए जा रहे भ्रष्टाचार से वसूले हुए धन में से अपना हिस्सा बटोरते रहते हैं। इंदौर संभाग में अलीराजपुर में बैठे सहायक संचालक विजय सिंह सोलंकी बड़वानी में सहायक संचालक अजय कुमार गुप्ता बुरहानपुर में सुषमा भदोरिया, धार में जिला कार्यक्रम अधिकारी सुभाष जैन, सहायक संचालक प्रवीण कुमार सितोले और भारती दांगी, इंदौर में रामनिवास बुधौलिया जिला कार्यक्रम अधिकारी झाबुआ में 4 सहायक संचालक अजय सिंह चौहान, बालू सिंह सस्तियां, राजू सिंह बघेल, वर्षा चौहान, खंडवा में पांच सहायक संचालक विष्णु प्रताप सिंह, एच एस अरोरा, विक्रांत भास्कर दामले, सुभाष सोलंकी नविता शिवहरे, खरगोन में मोनिका बघेल सहायक संचालक भारतीय आवश्यक जिला कार्यक्रम अधिकारी उज्जैन संभाग में अगर मेंरतन शर्माजिला कार्यक्रम अधिकारी और रीना शर्मा सहायक संचालक, देवास में जगदीश चंद्र वर्मा, संजय भारद्वाज, लवनीत कोरी सहायक संचालक वह रेलम बघेल जिला कार्यक्रम अधिकारी, मंदसौर में सहायक संचालक प्रकाश चंद्र चौहान और रविंद्र महाजन, नीमच में सहायक संचालक ताराचंद मेहरा और सौदामिनी शिवहरे, रतलाम में विनीता लोढ़ा, अंकिता पांडे, रविंद्र मिश्रा 3 सहायक संचालक, रजनीश सिंह जिला कार्यक्रम अधिकारी है। शाजापुर में सहायक संचालक ज्ञानेश कुमार खरे, नीलम चौहान, उज्जैन मेंतीन सहायक संचालक शारदा मिश्रा गुरुदत् तपांडे और साबिर अहमद सिद्दीकी, के साथ हर जिले मेंजिला समन्वयक पोषण अभियां के दो से तीन पदमहिला सशक्तिकरण के भी दो से तीन पद वन स्टॉप सेंटर आदि के हैं जो सभीहर कदम-कदम पर सभी प्रकार का भ्रष्टाचार महिलाओं बच्चों के पोषण आहार औषधीय व अन्य कार्यक्रमों में करते हैं और सरकार पत्रकारों के नंबर टेप करती है अपने सरकारी विभागों के कम से कम खास तौर से महिला बाल विकास के कर्मचारी अधिकारी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के सबके फॉर्म टाइप करके देखना चाहिए की शान से मिलने वाली सुविधाओं का कहां कैसा उपयोग कर भ्रष्टाचार किया जा रहा है।

इस बार भी महिला बाल विकास में मुख्यमंत्री लाडली बहन योजना में 18984 करोड रुपए का प्रावधान किया गया। आंगनबाड़ी सेवाएं सक्षम आंगनबाड़ी और पोषण 3469 करोड़, लाड़ली लक्ष्मी योजना हेतु 1231 करोड़, न्यूनतम आवश्यकता कार्यक्रम विशेष पोषण आहार योजना हेतु 1167 करोड रुपए महिला एवं बाल कल्याण संरचनालय 423 करोड रु, प्रधानमंत्री मातृ बंधन योजना पीएमएमवीवाई के मिशन शक्ति सामर्थ हेतु 350 करोड रु, पोषण अभियान एन एन एम सक्षम आंगनवाड़ी और पोशान 2.0 हेतु रुपए 200 करोड़ का आंगनबाड़ी केदो के लिए भवन निर्माण हेतु 150 करोड़ समय के बाल संरक्षण योजना आईसीपी एस मिशन वात्सल्य हेतु रुपए 130 करोड़ नॉन इंस्टीट्यूशनल केयर स्पॉन्सरशिप फास्टर हेतु रुपए 110 करोड़ का प्रावधान किया गया है। पर अधिकांश पैसा लाडली बहन योजना में भाजपा की कार्यकर्ताओं उनके रिश्तेदारों को बांट शेरों से गांव तक भाजपा अपनी सरकारी धन से पकड़ मजबूत कर रही है। इस योजना के अंतर्गत करोड़ों खातों मैं पैसा आर्थिक रूप से सक्षम महिलाओं के खाते में भी अपने पार्टी की कार्यकर्ताओं को आर्थिक लाभ पहुंचाने उनके खातों में डाला जा रहा है। इसकी भी बारीकी से जांच की जानी चाहिए जिनके पास करोड़ों रुपए के मकान गाड़ी घोड़े और आय के साधन हैं। उनको भी अनावश्यक रूप से लाभ पहुंचाया जा रहा है। सरकारी डाटा के अनुसार प्रदेश में 98000 आंगनबाड़ी है एक आंगनवाड़ी में संचालिका सहायक भोजन बनाने वाले दो से तीन कार्यकर्ता काम करते हैं अर्थात लगभग तीन लाख से ज्यादा कार्यकर्ता कर्मचारी अधिकारी महिला बाल विकास में कार्यरत है। शिक्षा पुलिस इस विभाग में सबसे ज्यादा कर्मचारी कार्यरत हैं। 98000 आंगनबाड़ी और एक आंगनवाड़ी में लगभग 5 वर्ष से कम के100 बच्चे तो जब 98 लाख बच्चे आंगनवाड़ी में ही भोजन कर रहे हैं। तो प्रदेश की 7 करोड़ की आबादी मेंजब 5 वर्ष से काम के मात्र 60 लाख बच्चे ही हैं तो 38 लाख बच्चे यूपी बिहार उड़ीसा महाराष्ट्र और राजस्थान कहां के आकर मध्य प्रदेश के आंगनबाड़ियों में भोजन कर रहे हैं समझ नहीं आ रहा। यह बात में पिछले 15 साल से लगातार लिख रहा हूं। 90% गांव और शहरों की आंगनबाड़ियों में मैथ 5 10 बच्चे ही आते हैं उनका भीभोजन बनता है बाकी 90% का भोजन पैसे खिलौने व अन्य सामग्री, विभाग की बंदरबांट में हजम कर ली जाती है। प्रदेश में बच्चों वह दूध धात्री माता केकुपोषणसेन केवल शरीर का वजन व लंबाई कम होने के साथ मस्तिष्क का विकास भी उसी अनुपात में होता है और मस्तिष्क कमजोर होता हैजो जीवन पर्यंत उन सबको परेशान करने के साथ में यथार्थ में राष्ट्र के लिए भी घातक हैइसके संबंध में भास्कर वाली समाचार पत्रों में लगातार खबरें छापी जा रही हैं। जो निम्नानुसार है।

सच पर मंथन आवश्यक

भाजपा का 25 जून 1975 को संविधान हत्या दिवस

10 वर्षों से सरकार चला रहे क्या कुछ अच्छा किया सोचा कभी

केंद्र में मोदी ने झूठों पाखंड के दम पर सत्ता हथियाने के बाद भी 10 वर्षों में देश को बर्बाद करने जनता को लूटने के अतिरिक्त देश व जनता के लिए कोई बहुत अच्छा काम नहीं किया। अधिकांश सत्ताधीश दल के प्रधानमंत्री मोदी और अमित शाह से लेकर सांसदों मंत्रियों तक अधिकांश आपराधिक मानसिकता के नकारा नकारात्मक प्रवृत्ति केव्यक्तियों के पास सट्टा जाने के कारणउन्हें देश की संसद प्राकृतिक एवं मानव निर्मित संसाधनों को लूटा बेंचा गिरवी कर बर्बाद किया। देश की सत्ता को आईना दिखाने वाले न्यायपालिका और प्रचार माध्यमों को डरा धमका छल बल से अपने काबू में कर अपनी सच्चाइयों को छुपाने मीडिया में प्रतिदिन 200 से 300 करोड रुपए की विज्ञापन छाप प्रसारित कर सबका मुंह बंद कर दिया।

मोटे कमीशन के चलते विश्व घातक संगठन व उसकी बहुराष्ट्रीय कंपनियों के इशारे पर नाच कर, उनके मोटे फायदे के लिए सफाई कैशलेसनोटबंदी जीएसटी और तालाबंदी कर हर तरीके से देश के व्यापार कृषि उद्योग धंधों को लूटने बर्बाद करने और 40 करोड लोगों को बर्बाद बेरोजगार बनाने के अतिरिक्त कोई उपलब्धि नहीं। छल बल दल व ईवीएम की जालसाजी और प्रशासनिक अधिकारियों को डरा धमका तीसरी बार भी कब्जा कर लिया। अपनी हर नाकामी को छुपाने देश में आजादी के बाद आई नेताओं नेहरू इंदिरा गांधी वल्लभभाई पटेल आदि को कोसने उनकी उपलब्धियां को भी नाकामयाब बताने के साथ हर बार नये षड्यंत्र हिंदू मुस्लिम किया और तीसरी बार में दमदार विपक्ष के नेता के रूप में जब राहुल गांधी ने मोदी और उसके गिरोह का संसद में सच बोला तो तो सबका पानी उतर गया और इसको भुलाने के लिए विपक्ष को बदनाम करने के लिए इंदिरा गांधी की 25 जून 1975 को लगाई गई इमरजेंसी को संविधान हत्या दिवस करार दे दिया।

लोकसभा में कांग्रेस पार्टी के पास 352 सीट का बहुमत था और 22 सीट वाला जनसंघ असंवैधानिक तरीक़े से तख्तापलट करना चाहता था।

संविधान सभा में इस बात पर चर्चा हो रही थी कि सरकार के पास आपातकाल लगाने का अधिकार होना चाहिए या नहीं। कुछ सदस्यों ने इस पर आपत्ति की। तब बाबा साहेब अंबेडकर खड़े हुए और समझाया कि बहुत से हालात ऐसे हो सकते हैं जब सरकार को आपातकाल लगाना होगा। इसलिए हम संविधान में आपातकाल लगाने का प्रावधान रख रहे हैं।

आपातकाल लगाने की परिस्थितियां मोटे तौर पर यही बतायी गई कि सीमा पर कोई गंभीर खत़रा हो या फिर देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए बड़ा खत़रा खड़ा हो जाए। ऐसे हालात के लिए डॉक्टर अम्बेडकर ने चुनी हुई सरकार को आपातकाल लगाने का अधिकार भारत के संविधान में दिया था।

जब इंदिरा गांधी प्रधानमंत्री थी तो उनकी चुनी हुई सरकार को गिराने की कोशिश वे शक्तियाँ कर रही थी जिन्हें जनता ने खा़रिज कर दिया था। लोकसभा में कांग्रेस पार्टी के पास 352 सीट का बहुमत था और 22 सीट वाला जनसंघ असंवैधानिक तरीक़े से तख्तापलट करना चाहता था।

एक चुनी हुई सरकार को गिराने की इस हवस में देश के छात्रों को भ्रमित किया गया। बिहार और उत्तर प्रदेश सहित देश के तमाम राज्यों में विश्वविद्यालय उपद्रव का केंद्र बन गए। कॉलेजों में आगज़नी और बम फोड़ने की घटनाएँ आम हो गई।

सार्वजनिक संपत्ति को बड़े पैमाने पर नुक़सान पहुँचाया जाने लगा।

चुने हुए मुख्यमंत्री और विधायकों का इन उपद्रवियों द्वारा घेराव और पथराव शुरू हो गया। विधायक और सांसदों को बंधक बना लेना आम बात हो गई। एक सांसद की हत्या कर दी गई।

यही कम नहीं था इसके बाद रामलीला मैदान से सेना को सरकार के खलि़फ़ बग़ावत करने के लिए उकसाया गया। यानी कि भारत में पाकिस्तान की तर्ज़ पर सैनिक तख्तापलट को विपक्ष उकसा रहा था। इंदिरा गांधी चाहती है तो इन सारे गंभीर आरोपों में विपक्ष के चुने हुए नेताओं पर सीधे देशद्रोह का मुक़दमा लगा देतीं और उन्हें लंबे समय के लिए जेल के अंदर डाल देती।

वे चाहती तो आज की सरकार की तरह इन नेताओं और छात्रों के घर पर बुलडोजर चलवा देतीं। या फिर आज की सरकार की तरह इन छात्रों के माँ बाप को प्रताड़ित करना शुरू कर देती।

लेकिन इंदिरा गांधी ने ऐसा कोई भी असंवैधानिक क़दम नहीं उठाया।उन्होंने संविधान में इस तरह के घरेलू उपद्रव के हालात में दिये गये आपातकाल के प्रावधान का इस्तेमाल किया। यह संविधान की हत्या नहीं थी, यह संविधान का पालन था।

अगर वे तानाशाह होती तो विपक्ष के नेता सिर्फ़ डेढ़ साल के लिए जेल में नहीं होते, तो इंदिरा गाँधी बिना किसी बाहरी दबाव के आपातकाल समाप्त नहीं करती, तो इंदिरा गाँधी खुला और निष्पक्ष चुनाव नहीं कराती और चुनाव लड़ने के लिए विपक्ष के नेताओं को जेल से बाहर नहीं कर देतीं।

लेकिन इंदिरा गांधी ने यह सब किया और उन्होंने 1977 के चुनाव में ज़बरदस्त हार को स्वीकार किया।

शांति से विपक्ष में बैठी। विपक्ष में रहकर उन्होने तख्तापलट की बात नहीं कीऔर न किसी तरह की हिंसा को बढ़ावा दिया।

जनता ने जल्द ही जनता पार्टी की सच्चाई को पहचान लिया और 1980 में इंदिरा गाँधी दोबारा प्रचंड बहुमत से भारत के प्रधानमंत्री बनी।

यही इतिहास है, यही तथ्य हैं और यही सच्चाई है। जो 25 जून 1975 को संविधान हत्या दिवस कहने वालों के दिमाग़ में कभी नहीं आएगी क्योंकि उनका संविधान में विश्वास है ही नहीं।

भोज विश्वविद्यालय में हर कदम डकैती और जालसाजी

सब मिलजुल कर रहे हजम, शिक्षण संस्थान औचित्यहीन

प्रदेशके निजी शिक्षण संस्थान तो भ्रष्ट डकैत जालसाज विद्यार्थियों के शोषण के अड्डे होते हैं परंतु सरकारी प्राथमिक माध्यमिक उच्चतर शिक्षण संस्थानों से लेकरसभी प्रकार के सरकारी शिक्षण संस्थान विश्वविद्यालय भी भ्रष्टाचार एवं शोषण जलसचिव सरकारी योजनाओं के फायदे लेने में पीछे नहीं वहां पर भी अरबो रुपए की भ्रष्टाचार हर साल हर स्तर पर होते हैं परंतु सब मिल बात के सामंजस्य से कार्य करते हैं तो बड़ी से बड़ी जांचो को भी रद्दी की फाइलों में दबा दिया जाता है।

भोज विश्वविद्यालय के सहायक कुलसचिव नितिन सांगले और पूर्व कुलपति सोनवलकर के करोड़ो के शासकीय धन के आर्थिक घोटाले

1.) भोज विश्वविद्यालय भोपाल भगत 10 वर्षों से अनेक स्तर पर आर्थिक अनुमति कर करोड़ों की घोटाले कर रहा है।

2.) पूर्व कुलपति सोनवलकर द्वारा अनेक कार्य कलाप में नियम प्रतिकूल सामग्री खरीदी, किताब खरीदी के टेंडर जारी कर करोड़ों के भुगतान एवं विज्ञापन के टेंडर स्वीकृति प्रदान की गई जिसमें लाखों का भ्रष्टाचार हुआ।

3.) सलाहकार की नियम प्रतिकूल नियुक्ति कर शासन निर्देशों का मजाक उड़ाया गया, आडिट आपत्ति के बाद भी लाखो का भुगतान किया।

4.) विश्वविद्यालय निधि का शासन निर्देशों के प्रतिकूल निवेश एवं गेस्ट हाउस तथा भवनों, वाहनों के उपयोग में प्रतिवर्ष लाखों रुपए का अनियमित भुगतान किया गया।

5.) चार्टर्ड अकाउंट की नियुक्ति बिना किसी प्रक्रिया के करते हुए उसे कार्य पूर्ण किए बिना पूरा भुगतान भी कर दिया गया।

6.) सुरक्षा और मैनपॉवर के टेंडर में कुटिलता पूर्वक शर्तों में हेरा फेरी कर मनचाहे रूप से टेंडर अवार्ड किया गया।

7.) कमीशन खोरी के चक्कर में कोरोना अवधि में परीक्षा प्रश्नपत्रों की फर्जी छपाई दर्शाते हुए 45 लाख का भुगतान किया गया।

8.) विश्वविद्यालय परिणाम प्रावधान के प्रतिकूल स्टडी मैटेरियल विश्वविद्यालय स्तर पर तैयार ना करते हुए बिना टेंडर के अमानत स्टार की बुक्स 35 करोड़ की राशि भुगतान कर के क्रय की गई।

9.) राज्य शासन के नियमों के अनुकूल नियुक्तियां कर विश्वविद्यालय निधि को नुकसान पहुंचाया गया।

10.) विश्वविद्यालय के हितों का संरक्षण करने के स्थान पर न्यायालय प्रकरणों में जवाबदारी निर्धारण ना करके वकीलों पर लाखों रुपए का भुगतान किया गया जबकि प्रकरण आज भी यात्रा स्थिति में है। 10.) परीक्षा केदो में नोडल ऑफीसरों की नियम के विरुद्ध नियुक्ति का लाखों रुपए का भुगतान किया गया।

11.) विश्वविद्यालय में पदस्थ वित्तीय नियंत्रक द्वारा विभिन्न स्तर की करोड़ों रुपए की अनिमित्ताओं पर लगाम कसने की कार्रवाई से बचने के लिए उनके द्वारा उच्च शिक्षा विभाग को भेजे प्रतिवेदनों को विभाग में कार्यरत संगठित गिरोह द्वारा संज्ञान न लेकर वित्त विभाग को वित्त नियंत्रक के स्थानांतरण के लिए झूठी शिकायत भेज कर दबाव निर्मित किया गया।

12.) अधिकारी कर्मचारी आवास को विश्वविद्यालय कैंपस में अपनी चहेती संविदा ठेके पर कार्य कर्मचारियों को नियम प्रतिकूल आवंटित कर लगभग निशुल्क दर विद्युत जल सुविधा उपलब्ध कराकर विश्वविद्यालय निधि को क्षति पहुंचाई गई।

13.) प्रतिनिधि के पदों पर नियुक्त किए गए कर्मचारियों को शासन द्वारा 5 10 13 को बर्खास्त किए जाने के बावजूद कोई कार्रवाई न करते हुए प्रतिवर्ष करोड़ों रुपए की राशि भुगतान की जा रही है।
14.) राज्य शासन द्वारा 5 10 13 को समस्त नियुक्तियों को बर्खास्त करने के बाद भी एक दशक से न्यायालय द्वारा कोई भी रिलीफ नहीं मिलने के बाद भी बर्खास्त लोगों को वेतन भुगतान कर करोड़ों की क्षति की जा रही है।

14.) विश्वविद्यालय के पूर्व कुल सचिव एल एस सोलंकी ने कुलपति और माननीय मंत्री उच्च शिक्षा और राजभवन को लिखित में करोड़ों रुपए की शिकायत की गई मगर उन पर भी पर्दा डाल दिया जा रहा है ।

15.) राज्य शासन द्वारा विश्वविद्यालय की कार्य प्रणाली को नियंत्रित करने के लिए स्थापित लोकल फंड ऑडिट कार्यालय द्वारा वित्त निरंतर की आपत्तियों का पहाड़ खड़ा हो चुका है लेकिन आज भी अनुमित भुगतान जारी है शासन द्वारा स्थापित भोज विश्वविद्यालय अनियमितता एवं भ्रष्टाचार का अड्डा बन चुका है तथा आज दिनांक तक रु. 1 के भी अनियमित भुगतान की किसी से भी कोई भी वसूली नहीं की गई है जिससे प्रतीत होता है कि भोज विश्वविद्यालय में भ्रष्टाचार एवं अन्यथाओं को उच्च शिक्षा विभाग का जबरदस्त संरक्षण प्राप्त है। यदि उक्त बिंदुओं की उच्च स्तरीय जांच होती है तो करोड़ों रुपए का गवन और भ्रष्टाचार रूप होकर इन सबको करवा की सजा करने से कोई नहीं रोक सकता है और राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, व्यापंम से बढ़कर भी यहां घोटाला सिद्ध होने की 100% गारंटी है।

इंदौर में नाइट कल्चर बंद, अब रातभर नहीं खुल सकेंगे बाजार

मध्य प्रदेश की राजधानी इंदौर से बड़ी खबर है. अब यहां नाइट कल्चर बंद हो गया है. यानी, रात में दुकानें, बार और मॉल नहीं खुलेंगे. नाइट लाइफ के चलते यहां अपराध बढ़ गए थे. इसी के मद्देनजर कलेक्टर आशीष सिंह ने 12 जुलाई की शाम तत्काल अपने पुराने आदेश को रद्द कर नया आदेश जारी कर दिया. प्रशासन के नए आदेश में कहा गया है कि इंदौर के निरंजनपुर चौराहे से राजीव गांधी चौराहे तक 11. 45 किलोमीटर तक के क्षेत्र में 24 घण्टे विभिन्न संस्थाओं और व्यसायिक संस्थाओं को खुले रखने का आदेश तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया है.

गौरतलब है कि, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सीएम हाउस में विधायकों की बैठक बुलाई थी. इसमें उन्होंने विकास से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की. इसी चर्चा में इंदौर के नाइट कल्चर पर भी बात हुई. विधायकों ने सरकार से इस कल्चर को बंद करने की अपील की. इसके बाद सीएम यादव ने कहा कि इंदौर के नाइट कल्चर को लेकर दोबारा विचार किया जाएगा. इसके कुछ ही देर बाद सीएम यादव की मंशा अनुसार कलेक्टर इंदौर आशीष सिंह ने बड़ा फैसला कर लिया. बताया जाता है कि सीएम यादव ने केवल बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन के आसपास ही दुकानें खुली रखने पर अपनी सहमति दी.

बढ़ने लगे अपराध

गौरतलब है कि, इंदौर के नाइट कल्चर का पिछले डेढ़ साल से लगातार विरोध हो रहा था. क्योंकि, जैसे ही इंदौर में रातभर दुकानें खुलने लगीं, वैसे ही अपराध भी बढ़ने लगे. आए दिन मारपीट, हमले और शराब पार्टी के वीडियो वायरल होने लगे. कई वीडियो में लड़कियां भी शराब के नशे में विवाद करते दिखाई देने लगीं. ये सब देखते हुए स्थानीय संस्थाओं और नेताओं ने इसे बंद करने की अपील की थी. बता दें, कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय इंदौर के नाइट कल्चर के खिलाफ खुलकर सामने आए थे. उन्होंने कई बार इसे तत्काल बंद करने की बात कही थी. उन्होंने कहा था कि इस तरह से बाजार खोलने की कोई जरूरत नहीं है.

साप्ताहिक समय माया

बड़े काम की है फिटकरी

फिटकरी कई तरह के रोगों में विशेष रूप से लाभकारी है-

दांत का दर्द : फिटकरी और काली मिर्च पीसकर दांतों की जड़ों में मलने से दांतों की पीड़ा में लाभ होता है।

दमा : फुलाई हुई फिटकरी एक तोला और मिश्री दो तोला, दोनों को महीन पीसकर रख लें। एक-एक माशा सवेरे खाने से दमा के रोग में लाभ होता है।

कान का बहना : कान में फुंसी हो अथवा मवाद आता हो तो एक प्याले में थोड़ी-सी फिटकरी पीसकर पानी डालकर घोलें और पिचकारी द्वारा कान धोएं।

आंखों में जाला: आधा चम्मच शहद और दो ग्राम फिटकरी पिसी हुई, किसी छोटी-सी डिबिया में डालकर ढक्कन बंद करके रख दें। शहद और फिटकरी के इस मिश्रण की सलाई सुबह और शाम दोनों समय आंखों में लेते रहें।

आंखों में जलन: फिटकरी का थोड़ा-सा साफ चूर्ण, दूध की मलाई में मिलाकर, पलकों पर लेप करें और सो जाएं।

खाज-खुजली : खुजली वाली जगह को फिटकरी वाले पानी से धोएं और बाद में उस जगह पर थोड़ा-सा कड़वा तेल लगा लें। उस पर थोड़ा-सा कपूर भी डाल लें। अवश्य लाभ होगा।

प्रदर : फिटकरी के पानी से योनि को सुबह-शाम नियमित धोएं। पंसारी से सगे जराहत और फिटकरी लेकर, दोनों पीस लें और इस आधा ग्राम चूर्ण की फांकी ताजे पानी के साथ या गाय के दूध के साथ सुबह, दोपहर और शाम दिन में तीन बार लें। कुछ ही दिनों के प्रयोग से अवश्य लाभ होगा।

अगर आप भी माइग्रेन से परेशान हैं तो जरा गौर कीजिए इन बातों पर।

डिजीज अलर्ट

महिलाओं को सताता है माइग्रेन



माई का अर्थ है हेमी यानी आधा और ग्रेन का अर्थ है क्रेनियम यानी सिर। इस तरह से माइग्रेन का मतलब ही आधे सिर का दर्द है। महिलाएं पुरुषों की अपेक्षा माइग्रेन की चपेट में अधिक आती हैं।

हर सिर दर्द माइग्रेन नहीं होता। लक्षणों की ठीक से जानकारी हासिल करने के बाद ही जाना जा सकता है कि यह माइग्रेन है या कुछ और।

माइग्रेन के मुख्य लक्षण

सिर दर्द से फटा जा रहा है। सिर का एक हिस्सा लगातार दुख रहा है। किसी भी तरह की रोशनी इस दर्द को बढ़ा देती है। मरीज मितली महसूस करता है। दर्द 4 से 72 घंटे तक रह सकता है। कभी-कभी तो यह 7 दिन तक रहता है। सर दर्द होने से पहले ही मरीज को आभास हो जाता है कि उसे भयंकर सिर दर्द होने वाला है। इस आभास को औरा कहते हैं। यह दर्द आधे सिर के अलावा माथे, जबड़े और आंख के नीचे भी होता है।

माइग्रेन के कारण

माइग्रेन का अटैक पड़ने पर ब्रेन स्टेम अत्यधिक सक्रिय हो जाता है। इसकी वजह से रसायन सेराटोनिन पैदा होता है, जिससे दिमाग के आसपास की रक्त वाहिनियों में सूजन बढ़ जाती है और दर्द होने लगता है। स्नायु रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रसेनजीत के मुताबिक तनाव, डाइटिंग, भोजन, रेड वाइन, कैफीन-चॉकलेट, साइट्रस फूड (नींबू, संतरा और कीनू), चीज, खमीर उठे भोजन और पेस्ट्री, पिज्जा, अचार का सेवन माइग्रेन के मुख्य कारण है। नींद में कमी, परफ्यूम, मानसिक और शारीरिक थकान, तेज रोशनी या तेज आवाज और अधिक गुस्सा करने से भी माइग्रेन होता है।

यह बायोलॉजिकल और वंशानुगत बीमारी है। शिकागो में डायमंड हेडेक क्लीनिक के एसोसिएट प्रोफेसर मरली डायमंड के अनुसार अगर दोनों अभिभावकों में से किसी एक को यह बीमारी है, तो ऐसे बच्चों में 50 प्रतिशत और अगर दोनों अभिभावकों को हो, तो उनके बच्चों को 75 प्रतिशत बीमारी होने के आसार होते हैं।

माइग्रेन के प्रकार

माइग्रेन दो प्रकार का होता है।

1. क्लासिकल माइग्रेन
2. दूसरा कॉमन माइग्रेन।

क्लासिकल माइग्रेन में मरीज को औरा होता है और फिर सिर दर्द होता है। कॉमन माइग्रेन में औरा नहीं होता। अधिकतर लोग इसकी चपेट में ही आते हैं।

किन्हें होता है माइग्रेन

प्रमाण मिले हैं कि महिलाओं के गिरते-बढ़ते इस्ट्रोजन हॉर्मोन के स्तर का माइग्रेन से संबंध हो सकता है। निम्न अवस्थाओं से गुजरनेवाली महिलाओं को माइग्रेन के अटैक पड़ते हैं -

मिनारकी : जब एक किशोर लड़की को जिंदगी में पहली बार मासिक स्राव शुरू होता है, तब माइग्रेन होता है। इसे मिनारकी माइग्रेन कहते हैं।

मासिक धर्म: हर महीने मासिक धर्म आने पर माइग्रेन होता है, इसे मेंस्टुअल माइग्रेन कहते हैं। इसमें इस्ट्रोजन हॉर्मोन का स्तर अचानक नीचे गिर जाता है।

हॉर्मोन्स रिप्लेसमेंट थैरेपी : एचआरटी लेने पर भी इस्ट्रोजन की वजह से माइग्रेन हो सकता है। इसलिए एचआरटी हमेशा डॉक्टर की सलाह से लें।

प्रेगनेंसी : जिन महिलाओं को माइग्रेन होता है, उनका गर्भावस्था के चौथे से नवें महीने के दौरान माइग्रेन गायब हो जाता है। तब इस्ट्रोजन का स्तर बढ़ जाता है।

पोस्ट पार्टम : जो महिलाएं गर्भावस्था के दौरान माइग्रेन भूल बैठी थीं, उन्हें डिलीवरी के एक हफ्ते के भीतर अचानक माइग्रेन हो जाता है। तब इस्ट्रोजन का स्तर गिर जाता है।

ओरल कॉन्ट्रासेप्टिव: ओरल कॉन्ट्रासेप्टिव लेने पर कुछ महिलाओं में माइग्रेन बढ़ जाता है, तो कुछ का कम हो जाता है।

माइग्रेन का इलाज

माइग्रेन लाइलाज है, लेकिन इस पर काबू पाया जा सकता है। कुछ दवाएं ऐसी हैं, जो अटैक की रोकथाम में इस्तेमाल में लाई जाती हैं। ब्लड प्रेशर, दिल के मरीज, गर्भावस्था के दौरान या स्तनपान कराने वाली महिलाओं को माइग्रेन के अटैक के दौरान दवाई खाते समय विशेष सावधानी रखनी चाहिए। इन्हें डॉक्टरी सलाह के बगैर दवा नहीं लेनी चाहिए। रिलेक्सेशन थैरेपी, लाइफ स्टाइल में बदलाव और साइकोथैरेपी से इस पर काफी हद तक काबू पाया जा सकता है।

देवशयनी एकादशी... बन रहे 4 शुभ योग

देवशयनी एकादशी का व्रत आषाढ़ माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को रखा जाता है. देवशयनी एकादशी से भगवान विष्णु योग निद्रा में 4 माह के लिए चले जाते हैं. तब से चातुर्मास प्रारंभ हो जाता है, जो चार माह तक रहता है. चातुर्मास में सभी देव सो जाते हैं और सृष्टि का संचालन भगवान शिव के हाथों में आ जाता है. इस बार देवशयनी एकादशी के दिन 4 शुभ योग बन रहे हैं. देवशयनी एकादशी पर व्रत रखकर भगवान विष्णु की विधि विधान से पूजा करते हैं. उनकी कृपा से मोक्ष की प्राप्ति होती है, पाप नष्ट होते हैं. काशी के ज्योतिषाचार्य चक्रपाणि भट्ट से जानते हैं कि देवशयनी एकादशी कब है? देवशयनी एकादशी का मुहूर्त और महत्व क्या है?

साल 2024 में कब है देवशयनी एकादशी?

पंचांग के अनुसार, आषाढ़ शुक्ल एकादशी की पावन तिथि 16 जुलाई को रात 08 बजकर 33 मिनट पर शुरु है और इसका समापन 17 जुलाई को रात 09 बजकर 02 मिनट पर होगा. उदयातिथि के आधार पर देवशयनी एकादशी का व्रत 17 जुलाई दिन बुधवार को रखा जाएगा और व्रत का पारण गुरुवार को होगा.

17 जुलाई से शुरु होगा चातुर्मास

इस साल 17 जुलाई से

चातुर्मास का प्रारंभ होगा. इसकी वजह से 4 माह तक कोई भी मांगलिक कार्य नहीं होंगे. इसमें शादी, मुंडन, गृह प्रवेश आदि जैसे सभी शुभ कार्य बंद हो जाएंगे.

देवशयनी एकादशी 2024 मुहूर्त

17 जुलाई को देवशयनी एकादशी की पूजा आप ब्रह्म मुहूर्त से कर सकते हैं. उस दिन सुबह से ही सर्वार्थ सिद्धि योग बना है, जिसमें किए गए कार्य सफल सिद्ध होंगे.

4 शुभ योग में है देवशयनी एकादशी 2024

इस साल की देवशयनी एकादशी पर 4 शुभ योग बन रहे हैं. देवशयनी एकादशी वाले दिन सर्वार्थ सिद्धि योग, अमृत सिद्धि योग, शुभ योग और शुक्ल योग बने हैं. ये सभी योग पूजा पाठ और शुभ कार्यों के लिए अच्छे माने जाते हैं. व्रत के दिन अनुराधा नक्षत्र और पारण वाले दिन ज्येष्ठा नक्षत्र है.

देवशयनी एकादशी 2024 व्रत पारण समय

जो लोग 17 जुलाई को देवशयनी एकादशी का व्रत रखेंगे, वे व्रत का पारण 18 जुलाई गुरुवार को करेंगे. पारण का समय सुबह 05 बजकर 35 मिनट से सुबह 08 बजकर 20 मिनट के बीच है. इस समय में पारण करके व्रत को पूरा कर लेना है. पारण वाले दिन द्वादशी तिथि का समापन रात 08 बजकर 44 मिनट पर होगा.

कच्चे पपीते के सेवन से मिलते हैं अनगिनत फायदे

आमतौर पर कच्चे पपीते का उपयोग सब्जी, अचार, सलाद आदि बनाने के लिए किया जाता है, लेकिन क्या आप जानते हैं, यह सेहत के लिए बहुत ही लाभदायक है। कच्चा पपीता शरीर के कई रोगों को दूर करने में सहायक है। इसमें विटामिन्स पर्याप्त मात्रा में मौजूद होते हैं। यह विटामिन-ए, विटामिन-सी और विटामिन-ई से भरपूर होता है, जो इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाने में मददगार है। साथ ही, यह कई इंफेक्शन से बचाने में कारगर है। आइए जानें, कच्चे पपीते के फायदे।

पाचन शक्ति को बढ़ाएं

कच्चे पपीते में मौजूद पैपिन पाचन शक्ति को ठीक करने में काफी सहायक है। इसमें घुलनशील फाइबर भी पाया जाता है, जो कब्ज दूर करने में सहायक है। अगर आप पाचन शक्ति को बढ़ाना चाहते हैं, तो डाइट में कच्चा पपीता जरूर शामिल करें।

दिल के लिए फायदेमंद

कच्चे पपीते में फाइब्रिन पाया जाता है। जो रक्त को थक्के बनने से रोकता है। जिससे आप हार्ट संबंधी बीमारी से बच सकते हैं। कच्चे पपीते का रस भी काफी लाभदायक है, इससे हाई ब्लड प्रेशर की समस्या में मदद मिल सकती है।

इम्यून सिस्टम के लिए

कच्चा पपीता पोषक तत्वों का खजाना होता है। यह विटामिन-बी, विटामिन-सी, फाइबर, पोटैशियम, और मैग्नीशियम से भरपूर होता है। ये पोषत तत्व इम्यूनिटी बढ़ाने में मदद करते हैं।

वजन घटाने में गुणकारी

कच्चे पपीते में पर्याप्त मात्रा में पाया जाता है, जो वजन कम करने में सहायक है। अगर आप वजन कम करना चाहते हैं, तो डाइट में कच्चे पपीते का सेवन कर सकते हैं।

डायबिटीज के मरीजों के लिए डायबिटीज की समस्या में कच्चे पपीते का सेवन बहुत ही लाभदायक माना जाता है। यह ब्लड शुगर को कंट्रोल करने में सहायक है।

जिंदगी में रहना है खुश तो नए साल में छोड़ें इन आदतों को

नए साल आने में बस चंद दिन रह गए हैं। जल्द ही हम सब एक पड़ाव को पार करके आगे बढ़ेंगे। नए साल शुरूआत हम बहुत ही उत्साह और जोश से करते हैं और आने वाले पूरे साल में आशा भी करते हैं कि आगे के पूरे साल में हम अपने जीवन को ऐसे ही बिताए, लेकिन रोजमर्रा की जिंदगी या फिर यूं कहे कि बुरी आदतें हमारे ही जीवन में सुधार का रोड़ा बन जाती हैं। तो आज हम बात करने वाले है कि कैसे आप सिर्फ इन आदतों को अपनाकर अपनी जिंदगी को खुशियों और उत्साह से भर सकते है।

खुद के साथ बिताएं मी टाइम

अपने अक्सर देखा होगा कि हम ऑफिस से लेकर मोबाइल फोन, गैजेट्स में लगे रहते हैं, जिसके कारण हम तनाव में आने लगते है तो आने वाले में खुद को ज्यादा समय देने की कोशिश करें और अपने साथ मी- टाइम बिताएं और कई तरह की एक्टिविटी कर सकते हैं। अगर आपके घर पर बच्चे है तो आप उनके साथ भी समय व्यतीत कर सकते हैं।

गुड-फूड गुड-मूड

आपने अक्सर सुना होगा या महसूस किया होगा कि जब हम अच्छे या हेल्दी भोजन खाते है तो हमारी सेहत के साथ हमारा मूड भी अच्छा रहता है। इसलिए आने वाले साल में अपनी डाइट में हेल्दी फूड को लिस्ट को जरूर शामिल करें। नियमित रूप से फलों और हरी सब्जियों का सेवन करें।

सेविंग्स पर रखें ध्यान

साल की शुरूआत से ही आप अपनी सेविंग्स पर ध्यान दें। जरूरत से अधिक खर्च करने की आदत में सुधार करें ताकि आने वाले समय में अधिक से अधिक पैसे बचा सकें। इसके साथ ही अपने पुरानी चीजें जरूरतमंदों को दे सकते है, जिससे समान आगे रीयूज हो सकता है।

गुस्से को करें बॉय-बॉय

नए साल में खुद से एक वादा करें कि आप अपने गुस्से को कम या कंट्रोल करेगें। यदि आपको गुस्सा ज्यादा आता है तो आप संगीत सुन सकते है या फिर बच्चों के साथ समय बीता सकते है, जो आपको रिलैक्स रखेगा। इसके साथ ही आपकी सेहत भी अच्छी रहेगी।

गैर जिम्मेदारी से बचें

अगर अपने कोई काम की जिम्मेदारी ली है तो उसे अच्छे से और समय से पूरा करके दें। काम को बीच में न छोड़ें। इसके साथ ही ऑफिस और घर की जिम्मेदारी को महत्व दें इससे आपकी प्रतिभा पर अच्छा असरा पड़ेगा।

डायबिटीज में भारी पड़ सकती है धूम्रपान की आदत

खराब जीवनशैली इन दिनों कई समस्याओं की वजह बन चुकी है। छोटी सी परेशानी से लेकर लोग आजकल की गंभीर बीमारियों का शिकार होते जा रहे हैं। बीते कुछ समय से डायबिटीज एक गंभीर और आम समस्या बनती जा रही है। लोग लगातार इस बीमारी की चपेट में आते जा रहे हैं। ऐसे में जरूरी है कि इसे लेकर सतर्क रहे। अपनी लाइफस्टाइल में जरूरी बदलाव करते हुए आप न सिर्फ इस बीमारी से बच सकते हैं, बल्कि अगर आप इससे पीड़ित हैं, तो इसे काफी हद तक इसे नियंत्रित भी कर सकते हैं। लेकिन अगर आप डायबिटीज से पीड़ित हैं और इसके बाद भी धूम्रपान करते हैं, तो यह आपके लिए काफी हानिकारक हो सकता है। स्मोकिंग वैसे तो सभी के लिए नुकसनदायक होती है, लेकिन मधुमेह में धूम्रपान करने से जोखिम और भी ज्यादा बढ़ जाता है। तो चलिए जानते हैं डायबिटीज में धूम्रपान करने से होने वाले फायदों के बारे में-

